मूल हिंदी में

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3212

20.03.2023 को उत्तर के लिए

महानगरों में वन क्षेत्र में कमी

3212. श्री घनश्याम सिंह लोधी:

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के महानगरों में वन क्षेत्र में कमी आई है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या दिल्ली जैसे महानगरों में वनों की कमी से भी प्रदूषण बढ़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई), देहरादून, जो मंत्रालय के अधीन एक संगठन है, वर्ष 1987 से द्विवार्षिक रूप से देश के वनावरण का आकलन करता है और इसके निष्कर्षों को भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) में प्रकाशित किया जाता है। एफएसआई ने आईएसएफआर 2011 और आईएसएफआर 2021 के बीच सात प्रमुख महानगरों में वनावरण में दशकीय परिवर्तनों के संबंध में पहली बार एक अध्ययन प्रकाशित किया है। इस अध्ययन के अनुसार कुछ महानगरों में वनावरण में वृद्धि हुई है जबकि दूसरे कुछ शहरों में वनावरण में कमी हुई है। कुल मिलाकर, आईएसएफआर 2011 से आईएसएफआर 2021 के बीच 7 प्रमुख महानगरों के वनावरण में 63 वर्ग किमी की वृद्धि हुई है। आईएसएफआर 2011 से आईएसएफआर 2021 के बीच 7 प्रमुख महानगरों के वनावरण में दशकीय परिवर्तन का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। वनावरण में वृद्धि संरक्षण के उपायों, वनीकरण संबंधी कार्यकलापों, पौधरोपण तथा पारम्परिक वन क्षेत्रों में संवर्धित सुरक्षा उपायों, वन क्षेत्र के बाहर वृक्ष-विस्तार के कारण हो सकती है।

(ख) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन क्षेत्रों में कमी और प्रदूषण में वृद्धि के परस्पर संबंध पर कोई अध्ययन नहीं किया है। वास्तव में, आईएसएफआर 2011 और आईएसएफआर 2021 की रिपोर्टों के अनुसार 10 वर्षों की अवधि में दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद तथा मुंबई के वनावरण में वृद्धि हुई है।

****

अनुबंध

"महानगरों में वन क्षेत्र में कमी" के संबंध में श्री घनश्याम सिंह लोधी द्वारा दिनांक 20.03.2023 को उत्तर के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3212 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

आईएसएफआर 2011 से आईएसएफआर 2021 के बीच प्रमुख महानगरों में वनावरण में दशकीय परिवर्तन

(क्षेत्रफल वर्ग किमी में)

महा नगरों के नाम	**राज्य**	**आईएसएफआर 2011**	**आईएसएफआर 2021**	**आईएसएफआर 2011 से आईएसएफआर 2021 के अनुसार दशकीय वन आवरण परिवर्तन**
		कुल वन आवरण	**कुल वन आवरण**	
अहमदाबाद	गुजरात	17.96	9.41	-8.55
बेंगलुरु	कर्नाटक	94.00	89.02	-4.98
चेन्नई	तमिलनाडु	18.02	22.70	4.68
दिल्ली	दिल्ली	174.33	194.24	19.91
हैदराबाद	तेलंगाना	33.15	81.81	48.66
कोलकाता	पश्चिम बंगाल	2.52	1.77	-0.75
मुंबई	महाराष्ट्र	101.74	110.77	9.03
कुल		**441.72**	**509.72**	**68.00**